दैनिक भास्कर

बिलासपुर भास्कर 23-07-2025

# दूषित पानी से फैली महामारी, 23 से अधिक लोग बीमार, हाई कोर्ट ने किया जवाब-तलब

लीगलरिपोर्टर | बिलासपुर

जांजगीर-चांपा जिले के खारोद कस्बे के घनी आबादी वाले तिवारीपारा मोहल्ले में दूषित पानी से महामारी फैल गई है। स्थानीय हैंडपंप से दूषित पानी पीने के बाद अब तक 23 से अधिक लोग बीमार पड़ चुके हैं। पीड़ितों में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। इसे लेकर प्रकाशित खबर पर हाई कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग से जवाब मांगा है। मंगलवार को बताया गया कि गांव में कैंप लगाकर सर्वे और इलाज शुरू किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हैंडपंप से से बदबूदार पानी आ रहा है। अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब जब महामारी का प्रकोप बढ़ा, तो विभाग ने हरकत में आते हुए हैंडपंप को सील कर दिया है। लेकिन तब तक 23 से अधिक लोग बीमार पड़ चुके थे। क्षेत्र के अधिकांश लोग एक ही हैंडपंप पर निर्भर हैं और इसी वजह से संक्रमण तेजी से फैला। हैंडपंप सील करने से पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। नागरिकों ने पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। हाई कोर्ट ने मंगलवार को इस पर संज्ञान लेते हुए सुनवाई की। महाधिवक्ता ने बताया कि सभी प्रभावित मरीजों का उचित इलाज और देखरेख की जा रही है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।